**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

2. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

**Answer Sheet No. :** ................................................

(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

**Roll No.** ____________________

(In words)

**Test Booklet No.**

**J – 0107**

**PAPER – II**

# ECONOMICS

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Serial No. of the booklet should be entered in the Answer-sheets and the Serial No. of Answer Sheet should be entered on this Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** (A) (B) ⬤ (D)

   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the Answer Sheet given **inside the Paper I booklet only**. If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is NO negative marking.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या उत्तर-पत्रक पर अंकित करें और उत्तर-पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   **उदाहरण :** (A) (B) ⬤ (D)

   जबकि (C) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये** उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते है, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक ( कैलकुलेटर ) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

# ECONOMICS

## PAPER – II

**Note :** This paper contains **fifty** (50) multiple choice questions, each question carrying **two** (2) marks. Attempt **all** of them.

**1.** Match the following :

| | *List - I* | | *List - II* |
|---|---|---|---|
| (a) | Iso-Profit curve | (i) | Adam Smith |
| (b) | Sales Maximisation Principle | (ii) | E. V. Stackelberg |
| (c) | Selling Costs | (iii) | W. Baumol |
| (d) | Principles of Absolute Advantage | (iv) | Edward Chamberlin |

Select correct answer from the code given below :

***Code :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (B) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

**2.** **Assertion (A) :** If the rise in demand is quite substantial and stays high for a fairly long time, the kink in the Oligopolist's demand curve will get reversed.

**Reason (R) :** The rivals are less worried about losses and are operating closer to their capacity.

Select the correct answer from the code given below :

***Code :***

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is correct explanation of **(A)**

(B) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is true, but **(R)** is false

(D) **(A)** is false, but **(R)** is true

## अर्थशास्त्र

### प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**1.** निम्नलिखित का मिलान करें :

| *सूची - I* | | *सूची - II* | |
|---|---|---|---|
| (a) | सम-लाभ वक्र | (i) | आदम स्मिथ |
| (b) | विक्रय अधिकतम सिद्धान्त | (ii) | ई.वी. स्टैकेलबर्ग |
| (c) | विक्रय लागतें | (iii) | डब्ल्यू. बॉमोल |
| (d) | कुल लाभ का सिद्धान्त | (iv) | एडवर्ड चैम्बरलिन |

*नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर चुनें :*

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (B) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

**2.** **कथन (A) :** यदि मांग में वृद्धि बहुत अधिक है तथा यह दीर्घकाल तक बना रहता है तो अल्पाधिकारियों का मांग वक्र विपर्यस्त (उल्टा) होगा।

**कारण (R) :** घाटा के प्रति प्रतिस्पर्धी कम चिंतित होंगे तथा अपनी क्षमता के आस-पास ही अपने व्यापार का संचालन करेंगे।

*नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर चुनें :*

***कूट :***

(A) **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(B) **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(C) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

(D) **(A)** गलत है लेकिन **(R)** सही है।

3. Revealed preference theory can be used :

(A) to prove convexity of an indifference curve

(B) to break price effect

(C) to prove basic proposition of law of demand

(D) all of the above

4. In case of perfect substitutes indifference curve is

(A) right angled (B) linear upward sloping

(C) linear downward sloping (D) concave to origin

5. A ridgeline is a locus of such points where marginal productivity of a factor input is :

(A) equal to zero (B) greater than zero

(C) negative (D) equal to one

6. Which one of the following is not the assumption of Pareto Optimality ?

(A) Existence of perfect competition (B) Absence of externalities

(C) Cardinal nature of utility (D) Utility is ordinal

7. When the negative income effect outweighs the substitution effect, the concerned good is :

(A) a Giffin good (B) an inferior good

(C) a normal good (D) none of the above

8. Attempts to force inflation below non-accelerating inflation rate of unemployment (NAIRU) will cause :

(A) inflation to accelerate without any change in employment or output

(B) Inflation to decelerate with rising employment and output

(C) inflation to decelerate with employment and output remaining the same

(D) inflation to remain unchanged with fall in employment and output.

3. प्रकटित वरीयता सिद्धांत का उपयोग किया जा सकता है :

(A) एक तटस्थता वक्र की उन्नतोदरता सिद्ध करने के लिए।

(B) कीमत-प्रभाव को अलग करने के लिए।

(C) मांग के नियम के मूलभूत साध्य (प्रस्ताव) को सिद्ध करने के लिए।

(D) इनमें से सभी के लिए।

4. पूर्ण स्थानापन्नों के होने पर तटस्थता वक्र __________ है।

(A) समकोणीय (B) रेखीय उर्ध्वगामी चढ़ाव

(C) रेखीय अधोगामी ढ़लान (D) मूलबिन्दु से नतोदर

5. एक रिजलाइन ऐसे बिन्दुओं का बिन्दुपथ है जहाँ फैक्टर इंपुट की उपांतीय उत्पादकता इस प्रकार होती है :

(A) शून्य के बराबर (B) शून्य से अधिक

(C) ऋणात्मक (D) एक के बराबर

6. निम्नलिखित में से कौन पैरेटो द्वारा प्रतिपादित ईष्टतमता की पूर्वधारणा ***नहीं*** है ?

(A) पूर्ण प्रतिस्पर्धा का विद्यमान होना (B) बहिर्मुखता का अभाव

(C) उपयोगिता की संख्यासूचक प्रकृति (D) उपयोगिता क्रमसूचक है

7. जब ऋणात्मक आय प्रभाव स्थानापन्न प्रभाव से भारी हो तो सम्बन्धित वस्तु है :

(A) गिफिन वस्तु (B) निम्नकोटि की वस्तु

(C) सामान्य वस्तु (D) इनमें से कोई नहीं

8. मुद्रास्फीति को नान-एक्सेलरेटिंग इंफ्लेशन रेट ऑफ अनइंफ्लायमेंट (NAIRU) के नीचे बलात् ले जाने के प्रयास से ऐसी स्थिति होगी :

(A) रोजगार या उत्पादन में बिना किसी परिवर्तन के मुद्रास्फीति का त्वरण

(B) रोजगार तथा उत्पादन के बढ़ने के साथ मुद्रास्फीति का अवत्वरण

(C) रोजगार तथा उत्पादन का यथावत् रहते हुए मुद्रास्फीति का अवत्वरण

(D) रोजगार तथा उत्पादन के साथ मुद्रास्फीति का अपरिवर्तित रहना

**9.** Square root formula for money demand was developed by some of the following :

(i) Milton Friedman

(ii) James Tobin

(iii) A. C. Pigou

(iv) William Baumol

*Of the above, select correct answer from the code given below :*

***Code :***

(A) (i) and (ii) are correct (B) (i) and (iii) are correct

(C) (ii) and (iv) are correct (D) (ii) and (iii) are correct

**10.** Consider some of the factors that do not affect output and employment in the classical model of employment :

(i) Quantity of money

(ii) Level of government spending

(iii) Upward shift in production function

(iv) Level of demand for investment goods

*Of the above, select correct answer from the code given below :*

***Code :***

(A) (i), (ii) and (iv) are correct (B) (i), (ii) and (iii) are correct

(C) (i), (iii) and (iv) are correct (D) (ii), (iii) and (iv) are correct

**11.** Consider some of the features relating to Simple Life Cycle model of consumption :

(i) Consumption spending is financed by life time income

(ii) Current consumption spending depends on life-time income and current wealth

(iii) Consumption each year depends on individual's life expectancy

(iv) Current consumption of an individual depends on his current income

*Of the above, select correct answer from the code given below :*

***Code :***

(A) (i) and (ii) are correct (B) (ii) and (iii) are correct

(C) (i) and (iii) are correct (D) (iii) and (iv) are correct

**9.** मुद्रा-मांग के वर्गमूल परिसूत्र का विकास इनमें से किसके द्वारा किया गया ?

(i) मिल्टन फ्रीडमैन

(ii) जेम्स रॉबिन

(iii) ए.सी. पीगू

(iv) विलियम बॉमोल

*नीचे दिए गए कोड से उपरोक्त नामों में से सही उत्तर चुने :*

**कोड :**

(A) (i) तथा (ii) सही हैं
(B) (i) तथा (iii) सही हैं
(C) (ii) तथा (iv) सही हैं
(D) (ii) तथा (iii) सही हैं

**10.** रोजगार के शास्त्रीय मॉडेल में उत्पादन तथा रोजगार को प्रभावित नहीं करने वाले कुछ कारकों पर विचार करें :

(i) मुद्रा का परिमाण

(ii) सरकारी व्यय का स्तर

(iii) उत्पादन फलन ऊर्ध्वगामी बदलाव

(iv) निवेश वस्तुओं के लिए मांग का स्तर

*इनमें से :*

**कोड :**

(A) (i), (ii) तथा (iv) सही हैं।
(B) (i), (ii) तथा (iii) सही हैं।
(C) (i), (iii) तथा (iv) सही हैं।
(D) (ii), (iii) तथा (iv) सही हैं।

**11.** उपभोग के सरल जीवन चक्र मॉडेल से संबंधित कुछ विशेषताओं पर विचार करें :

(i) उपभोग व्यय जीवन काल की आय द्वारा वित्तपोषित होता है।

(ii) वर्तमान उपभोग व्यय जीवन काल की आय तथा वर्तमान धन पर आधारित होता है।

(iii) प्रति वर्ष उपभोग व्यक्ति की आयु प्रत्याशा पर निर्भर होता है।

(iv) किसी व्यक्ति का वर्तमान उपभोग उसकी वर्तमान आमदनी पर निर्भर होता है।

*इनमें से :*

**कोड :**

(A) (i) तथा (ii) सही हैं
(B) (ii) तथा (iii) सही हैं
(C) (i) तथा (iii) सही हैं
(D) (iii) तथा (iv) सही हैं

**12.** Consider some of the hypotheses of consumption function :

(i) Permanent-Income hypothesis

(ii) Relative-Income hypothesis

(iii) Life-cycle hypothesis

(iv) Absolute-Income hypothesis

Arranging above in the chronological order of appearance, select the correct sequence from the following code :

***Code :***

(A) (i), (iii), (iv) and (ii) (B) (iv), (i), (iii) and (ii)

(C) (iv), (ii), (iii) and (i) (D) (iii), (i), (iv) and (ii)

**13.** According to Kaynes, interest is paid for :

(A) parting with liquidity

(B) holding money for transactions purposes

(C) holding money as an asset

(D) holding money to tide over uncertainty

**14.** Disposable income in National Accounts is calculated as :

(A) GDP + Net income from abroad + Transfer Payments − Taxes − undistributed profit

(B) GNP + Net income from abroad + Transfer Payments − Taxes + undistributed profit

(C) GDP − Net income from abroad + Transfer Payments − Taxes + undistributed profit

(D) GNP − Net income from abroad + Transfer Payments − Taxes + undistributed profit

**15.** Consider some of the factors related to economic growth :

(i) Larger inputs leading to larger output

(ii) Technical and institutional changes by which output is produced

(iii) Level of efficiency and skill producing larger output

(iv) Diversification of output

Of the above, economic growth includes

(A) (i), (iii) and (iv) (B) (i) and (iii) only

(C) (i), (ii) and (iii) (D) (i), (ii), (iii) and (iv)

**12.** उपभोग फलन की कुछ परिकल्पनाओं पर विचार करें :

(i) स्थायी आय प्राक्कल्पना

(ii) सापेक्षिक आय प्राक्कल्पना

(iii) जीवन-चक्र प्राक्कल्पना

(iv) पूर्ण-आय प्राक्कल्पना

इन्हें इनके उद्‌भव के कालानुक्रम के अनुसार व्यवस्थित करते हुए निम्नलिखित कूटों में से सही उत्तर चुने :

***कोड :***

(A) (i), (iii), (iv) तथा (ii)
(B) (iv), (i), (iii) तथा (ii)
(C) (iv), (ii), (iii) तथा (i)
(D) (iii), (i), (iv) तथा (ii)

**13.** केन्स के अनुसार ब्याज का भुगतान इनके लिए किया जाता है :

(A) तरलता का त्याग

(B) लेन-देन के उद्देश्य से मुद्रा रखना

(C) परिसम्पत्ति के रूप में मुद्रा रखना

(D) अनिश्चितता पर काबू पाने के लिए मुद्रा रखना

**14.** राष्ट्रीय लेखा में व्यय-योग्य आय की गणना इस रूप में किया जाता है :

(A) जी.डी.पी. + विदेश से प्राप्त शुद्ध आय + हस्तांतरण भुगतान – कर – अवितरित लाभ

(B) जी.एन.पी. + विदेश से प्राप्त शुद्ध आय + हस्तांतरण भुगतान – कर + अवितरित लाभ

(C) जी.डी.पी. – विदेश से प्राप्त शुद्ध आय + हस्तांतरण भुगतान – कर + अवितरित लाभ

(D) जी.एन.पी. – विदेश से प्राप्त शुद्ध आय + हस्तांतरण भुगतान – कर + अवितरित लाभ

**15.** आर्थिक विकास से संबंधित कुछ कारकों पर विचार करें :

(i) बृहत्तर आदानों के लिए बृहत्तर निवेश

(ii) तकनीकी तथा सांस्थानिक परिवर्तन जिसके द्वारा उपादान उत्पादित होता है

(iii) बृहत्तर उपादान के उत्पादन का कार्यक्षमता तथा दक्षता का स्तर

(iv) उपादान का विविधीकरण

आर्थिक विकास में से निम्नलिखित शामिल हैं :

(A) (i), (iii) तथा (iv)
(B) केवल (i) तथा (iii)
(C) (i), (ii) तथा (iii)
(D) (i), (ii), (iii) तथा (iv)

16. The hypothesis of 'vicious circle of poverty' points to inter-relation between :

(A) productivity and income

(B) income and population

(C) inflation and high consumption

(D) surplus labour and disguised unemployment

17. Physical Quality of Life Index (PQLI) was calculated by :

(A) Mahboobul Haq

(B) Meier G. M.

(C) Morris D.

(D) None of the above

18. Which one of the following is irrelevant in economic planning in a market-oriented economy ?

(A) Indicative planning

(B) Development of infrastructure

(C) Economic policy by a government

(D) Regulations and controls

19. Which one of the following aspects was NOT emphasised by Hirschman in the theory of unbalanced growth ?

(A) Backward and forward linkages

(B) Direct productive activities

(C) Social overhead capital

(D) Equilibrium in different sectors

20. Which one of the following is NOT an objective of fiscal policy ?

(A) Fixing 'statutory liquidity ratio'

(B) Influencing consumption-saving ratio

(C) Checking inflation and depression

(D) Reducing disparities in distribution of income and wealth

**16.** 'गरीबी का दुष्चक्र' की प्राक्कल्पना इनके बीच अन्तरसंबंध को इंगित करता है।

(A) उत्पादकता तथा आय

(B) आय तथा जनसंख्या

(C) मुद्रास्फीति तथा उच्च उपभोग

(D) श्रम आधिक्य तथा प्रच्छन्न बेरोजगारी

**17.** फीजिकल क्वालिटी ऑफ लाइफ इंडेक्स (PQLI) का परिकलन इनके द्वारा किया गया :

(A) महबूबुल हक

(B) मीयर जी.एम.

(C) मौरिस डी.

(D) इनमें से कोई नहीं

**18.** एक बाजारोन्मुखी अर्थव्यवस्था में आर्थिक नियोजन में निम्नलिखित में से कौन अप्रासंगिक है?

(A) सांकेतिक नियोजन

(B) आधारभूत संरचना का विकास

(C) किसी सरकार द्वारा आर्थिक नीति

(D) विनिमय तथा नियंत्रण

**19.** असंतुलित विकास के सिद्धांत में हर्षमैन द्वारा निम्नलिखित में से किस एक पहलू पर बल ***नहीं*** दिया गया है।

(A) पश्चवर्ती तथा अग्रवर्ती संयोजन

(B) प्रत्यक्ष उत्पादकीय गतिविधियाँ

(C) सामाजिक उपरि व्यय

(D) विभिन्न क्षेत्रों में साम्यावस्था

**20.** निम्नलिखित में से कौन सा राजकोषीय नीति का उद्देश्य ***नहीं*** है?

(A) परिनियमित तरलता अनुपात निर्धारित करना

(B) उपभोग-बचत अनुपात को प्रभावित करना

(C) मुद्रास्फीति तथा मंदी को रोकना

(D) आय तथा धन के वितरण में विसंगतता को कम करना

**21.** Which one of the following is NOT a measure of globalisation ?

(A) Reducing peak rate of customs duty

(B) Size of inflows of foreign institutional investments in a country

(C) Disinvestment of public sector equity

(D) Larger foreign aid

**22.** Which one of the following pairs is NOT correctly matched ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | Indivisibilities in production funtion | - | Big push theory |
| (B) | Critical minimum efforts | - | R. R. Nelson |
| (C) | Circular causation | - | G. Myrdal |
| (D) | Long-run disequilibria | - | Harrod model |

**23.** Burden of tax on commodity can be shifted totally to consumers if elasticity of demand is :

(A) equal to 1 (B) less than one but greater than zero

(C) equal to zero (D) greater than 1

**24.** Which one of the following is NOT included in a capital budget ?

(A) Expenditure on asset formation

(B) Interest payments

(C) Money collected from public borrowing

(D) Small saving collection by the government

**25.** The numerical value of balanced budget multiplier is :

(A) 1 (B) Less than 1 but more than zero

(C) more than 1 (D) zero

21. निम्नलिखित में से कौन सा भूमण्डलीकरण का माप नहीं है?

(A) सीमा शुल्क के शीर्ष-दर को कम करना

(B) किसी देश में विदेशी सांस्थानिक निवेशों के अन्तर्प्रवाह का आकार

(C) सार्वजनिक क्षेत्र के इक्विटी का विनिवेश

(D) बृहत्तर विदेशी सहायता

22. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

| | | |
|---|---|---|
| (A) उत्पादन फलन में अविभाज्यता | - | बिग पुश सिद्धान्त |
| (B) क्रांतिक न्यूनतम प्रयास | - | आर.आर. नेलसन |
| (C) वर्तुल कार्यकारण | - | जी. मिर्डल |
| (D) दीर्घकालिक असाम्यावस्था | - | हैरोड मॉडेल |

23. यदि मांग का लोच (निम्न में से कोई) है, तो वस्तु कर का बोझ पूर्णरूपेण उपभोक्ताओं पर पड़ेगा :

(A) 1 के बराबर

(B) एक से कम किंतु शून्य से अधिक

(C) शून्य के बराबर

(D) 1 से अधिक

24. निम्नलिखित में से कौन पूंजी बजट में शामिल नहीं है?

(A) परिसम्पत्ति निर्माण पर व्यय

(B) ब्याज भुगतान

(C) सार्वजनिक कर्ज से प्राप्त राशि

(D) सरकार द्वारा लघु बचत से संग्रह

25. संतुलित बजट गुणक का संख्यात्मक मान है :

(A) 1

(B) 1 से कम पर शून्य से अधिक

(C) 1 से अधिक

(D) शून्य

26. With which branch of public finance is 'Functional Finance' related ?

(A) Allocation (B) Distribution

(C) Stabilization (D) All of the above

27. If taxes are levied according to 'ability-to-pay' theory it leads to :

(A) proportional taxes

(B) progressive taxes

(C) regressive taxes

(D) equal amount of tax on all the persons

28. The 'Benefit Theory' of allocation of tax burden was given by :

(A) Dalton (B) Pigou (C) Seligman (D) Lindhal

29. Which one of the following is NOT a merit good ?

(A) Postal Services (B) Telecom Services

(C) Agricultural Products (D) Railways

30. Consider some of the provisions of the Union Budget 2006-07 :

(i) Exemption limit from income tax for senior citizens was raised to Rs.1.50 lakh

(ii) Rate of service tax was raised to 12 percent

(iii) Standard deduction in income tax was abolished

(iv) Rate of CENVAT was raised from 12 percent to 15 percent

*Of the above, select correct answer from the code given below :*

***Code :***

(A) (ii) and (iii) are correct (B) (i), (ii) and (iii) are correct

(C) (ii), (iii) and (iv) are correct (D) (i), (ii) and (iv) are correct

26. ‘कार्यशील वित्त’ लोक वित्त की किस शाखा से संबंधित है?

(A) आवंटन (B) वितरण

(C) स्थिरीकरण (D) उपर्युक्त सभी से

27. यदि करों को ‘भुगतान करने की क्षमता’ के अनुसार निर्धारित किया जाय तो यह होगा :

(A) समानुपातिक कर (B) प्रगतिशील कर

(C) प्रतिगामी कर (D) सभी व्यक्ति पर कर की समान मात्रा

28. कर भार के आवंटन के लाभ सिद्धान्त इनमें से किसके द्वारा दिया गया है :

(A) डाल्टन (B) पिगू (C) सेलिगमैन (D) लिंढल

29. इनमें से कौन ‘मेरिट गुड’ ***नहीं*** है?

(A) डाक सेवाएँ (B) दूरसंचार सेवाएँ

(C) कृषि उत्पाद (D) रेलवेज

30. 2006-07 के केन्द्रीय बजट के कुछ प्रावधानों पर विचार करें :

(i) वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयकर से छूट की सीमा को 1.50 लाख तक कर दिया गया।

(ii) सेवा कर की दर को 12 प्रतिशत कर दिया गया।

(iii) आय कर में मानक कटौती को हटा लिया गया।

(iv) ‘सेनवॉट’ को 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया।

*उपर्युक्त में से :*

***कोड :***

(A) (ii) और (iii) सही हैं। (B) (i), (ii) और (iii) सही हैं।

(C) (ii), (iii) और (iv) सही हैं। (D) (i), (ii) और (iv) सही हैं।

**31.** Consider some of the factors taken into account by Planning Commission for estimating the number of persons below poverty line in India :

(i) Per capita income

(ii) Calory intake in rural and urban areas

(iii) Family expenditure

(iv) Per capita consumption

*Of the above, select correct answer from the code given below :*

***Code :***

(A) (i), (ii) and (iii) are correct (B) only (ii) and (iii) are correct

(C) only (i) and (iv) are correct (D) (i), (iii) and (iv) are correct

**32.** In Human Development Index prepared by UNDP, out of 177 countries, India's rank in recent years has been between :

(A) 111 and 115 (B) 116 and 120

(C) 121 and 125 (D) 126 and 130

**33.** Consider some of the facts about National Rural Employment Guarantee Scheme launched in February 2006 in India :

(i) It has been launched in 200 districts of the country

(ii) It replaces National Rural Employment Programme

(iii) A minimum employment of 100 days has been assured in the scheme

(iv) The scheme is being implemented by State governments

*Of the above, select correct answer from the code given below :*

***Code :***

(A) (ii), (iii) and (iv) are correct (B) (i), (ii) and (iii) are correct

(C) (i), (iii) and (iv) are correct (D) (i), (ii), (iii) and (iv) are correct

**34.** The base year for estimating GDP in India at constant prices at present is :

(A) 1993-94 (B) 1996-97 (C) 1999-2000 (D) 2001-02

**31.** भारत में गरीबी रेखा से नीचे के लोगों की संख्या के आकलन के लिए योजना आयोग द्वारा अपनाये गये कुछ कारकों पर विचार करें :

(i) प्रति व्यक्ति आय

(ii) ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में कैलोरी इनटेक

(iii) पारिवारिक व्यय

(iv) प्रति व्यक्ति उपभोग

*उपर्युक्त में से :*

***कोड :***

(A) (i), (ii) और (iii) सही हैं। (B) केवल (ii) और (iii) सही हैं।

(C) केवल (i) और (iv) सही हैं। (D) (i), (iii) और (iv) सही हैं।

**32.** यू.एन.डी.पी. द्वारा बनाये गये मानव विकास सूचकांक में 177 देशों में हाल के वर्षों में भारत का स्थान इनके बीच है :

(A) 111 तथा 115 (B) 116 तथा 120

(C) 121 तथा 125 (D) 126 तथा 130

**33.** भारत में फरवरी 2006 में चलायी गई राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना के बारे में कुछ तथ्यों पर विचार करें :

(i) यह योजना देश के 200 जिलों में चलाई गई है।

(ii) इसने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम को विस्थापित किया।

(iii) इस योजना में कम से कम 100 दिनों का रोजगार आश्वस्त किया गया है।

(iv) इस योजना का कार्यान्वयन राज्य सरकारें कर रही हैं।

*इनमें से :*

***कोड :***

(A) (ii), (iii) तथा (iv) सही हैं। (B) (i), (ii) तथा (iii) सही हैं।

(C) (i), (iii) तथा (iv) सही हैं। (D) (i), (ii), (iii) तथा (iv) सही हैं।

**34.** भारत में स्थिर कीमतों पर जी.डी.पी. का आकलन करने के लिए वर्तमान में आधार वर्ष है :

(A) 1993-94 (B) 1996-97 (C) 1999-2000 (D) 2001-02

35. Which one of the following measures is not adopted by Reserve Bank of India for controlling credit ?

(A) Capital adequacy ratio (B) Cash reserve ratio

(C) Statutory Liquidity ratio (D) Cash deposit ratio

36. Consider some of the following Acts to regulate industries and foreign exchange in India :

(i) Foreign Exchange Management Act

(ii) Industrial Development and Regulation Act

(iii) Monopolies and Restrictive Trade Practices Act

(iv) Foreign Exchange and Regulation Act

Arranging the above Acts in chronological order, the correct sequence is :

(A) (iii), (ii), (iv) and (i) (B) (ii), (iii), (iv) and (i)

(C) (ii), (iv), (iii) and (i) (D) (i), (iv), (ii) and (iii)

37. Which one of the following is NOT the assumption of 'Comparative Cost' theory of international trade ?

(A) Labour theory of value

(B) Perfect competition

(C) Linear homogeneous production function

(D) Imperfect competition

38. The balance of payments of a country will be in surplus if :

(A) accommodating capital is negative

(B) accommodating capital is positive

(C) accommodating capital is zero

(D) none of the above

39. Which one of the following countries suffered the least in terms of depreciation of the currency in the East Asian currency crisis ?

(A) Thailand (B) Singapore

(C) Indonesia (D) Philippines

**35.** निम्नलिखित में से कौन–सा उपाय भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा साख नियंत्रण के लिए अपनाए गए उपायों में से नहीं है?

(A) पूँजी पर्याप्तता अनुपात　　(B) नगद आरक्षण अनुपात

(C) वैधानिक तरलता अनुपात　　(D) नगद जमा अनुपात

**36.** भारत में उद्योगों तथा विदेशी मुद्रा के लिए निम्नलिखित में से कुछ अधिनियमों पर विचार करें :

(i) विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (FEMA)

(ii) औद्योगिक विकास एवं विनियमन अधिनियम (IDRA)

(iii) एकाधिकार एवं प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवहार अधिनियम (MRTP)

(iv) विदेशी मुद्रा एवं विनियमन अधिनियम (FERA)

उपरिलिखित अधिनियमों को सही कालानुक्रम में व्यवस्थित करें :

(A) (iii), (ii), (iv) तथा (i)　　(B) (ii), (iii), (iv) तथा (i)

(C) (ii), (iv), (iii) तथा (i)　　(D) (i), (iv), (ii) तथा (iii)

**37.** निम्नलिखित में से कौन अंतरराष्ट्रीय व्यापार के 'तुलनात्मक लागत' सिद्धांत की अवधारणा ***नहीं*** है?

(A) मूल्य का श्रम सिद्धांत

(B) पूर्ण प्रतियोगिता

(C) रेखीय समरूप उत्पादन फलन

(D) अपूर्ण प्रतियोगिता

**38.** किसी देश के भुगतान संतुलन में आधिक्य होगा यदि :

(A) समायोजित करनेवाली पूँजी ऋणात्मक है

(B) समायोजित करनेवाली पूँजी धनात्मक है

(C) समयोजित करनेवाली पूँजी शून्य है

(D) इनमें से कोई नहीं

**39.** पूर्वी–एशिया मुद्रा संकट में मुद्रा के ह्रास के मामले में निम्नलिखित में से किस देश को सबसे कम नुकसान हुआ?

(A) थाइलैंड　　(B) सिंगापुर

(C) इंडोनेशिया　　(D) फिलीपिंस

**40.** Cancun conference of WTO took place in the year :

(A) 2003 (B) 2004 (C) 2005 (D) 2006

**41.** Which one of the following committees at first examined the capital account convertibility after 1991 ?

(A) Mehrotra Committee (B) Rangarajan Committee

(C) Tarapore Committee (D) Chelliah Committee

**42.** Hedging in the foreign exchange market refers to :

(A) an act of devaluation

(B) not covering a risk of foreign exchange in future

(C) covering a risk of foreign exchange in future

(D) none of the above

**43.** Single factoral terms of trade is given by :

(A) $\left(\frac{PX}{PM}\right)(QX)$ (B) $\left(\frac{PX}{PM}\right)(ZX)$

(C) $\left(\frac{PM}{PX}\right)\left(\frac{ZX}{ZM}\right)$ (D) $\left(\frac{PX}{PM}\right)\left(\frac{ZM}{ZX}\right)$

where the symbols have the usual meaning.

**44.** The mean and variance of a Binomial distribution is equal to :

(A) $\sqrt{np}$ , $\sqrt{npq}$ (B) $\sqrt{n^2p}$ , $\sqrt{n.2p^2q^2}$

(C) $\sqrt{npq}$ , $n^2 p^2$ (D) np, npq

**45.** If the mean of a given distribution is 6.0 and the standard deviation 0.50, then the co-efficient of variation will be :

(A) 4.0 percent (B) 8.3 percent

(C) 16.0 percent (D) none of the above

**40.** डब्लू.टी.ओ. के कैनकून सम्मेलन का आयोजन किस वर्ष में किया गया?

(A) 2003 (B) 2004 (C) 2005 (D) 2006

**41.** निम्नलिखित में से किस समिति ने सबसे पहले पूँजी खाता परिवर्तनीयता की जाँच की?

(A) मेहरोत्रा समिति (B) रंगराजन समिति

(C) तारापोर समिति (D) चैलैया समिति

**42.** विदेशी मुद्रा बाजार में सुरक्षा (हेजिंग) किसे इंगित करता है?

(A) अवमूल्यन करना

(B) भविष्य में विदेशी मुद्रा के जोखिम से रक्षा *नहीं* करना

(C) भविष्य में विदेशी मुद्रा के जोखिम से रक्षा करना

(D) इनमें से कोई नहीं

**43.** व्यापार की एकल कारक शर्तें इनके द्वारा दी गई है :

(A) $\left(\frac{PX}{PM}\right)(QX)$ (B) $\left(\frac{PX}{PM}\right)(ZX)$

(C) $\left(\frac{PM}{PX}\right)\left(\frac{ZX}{ZM}\right)$ (D) $\left(\frac{PX}{PM}\right)\left(\frac{ZM}{ZX}\right)$

जहाँ परिसूत्रों का स्थापित अर्थ है।

**44.** द्विपद वितरण का माध्य और प्रसरण इसके बराबर होता है :

(A) $\sqrt{np}$ , $\sqrt{npq}$ (B) $\sqrt{n^2p}$ , $\sqrt{n.2p^2q^2}$

(C) $\sqrt{npq}$ , $n^2 p^2$ (D) np, npq

**45.** यदि किसी दिए गए वितरण का माध्य 6.0 तथा मानक विचलन 0.50 है तो प्रसरण का सहगुणांक होगा :

(A) 4.0 प्रतिशत (B) 8.3 प्रतिशत

(C) 16.0 प्रतिशत (D) इनमें से कोई नहीं

**46.** A bag contains 7 red, 12 white and 4 green balls. One ball is drawn from the bag. What is the chance that it is white ?

(A) 12/23 (B) 7/23 (C) 4/23 (D) 23/12

**47.** Given the two regression lines Y on X and X on Y as follows :

$3X+2Y = 26.0$

$6X+Y = 31.0$

then their (r) will be equal to

(A) 0.4 (B) 0.5 (C) 0.6 (D) 0.7

**48.** In testing a given hypothesis the maximum P with which we would be willing to risk a type I error is known as :

(A) Null hypothesis (B) Point estimate

(C) Level of significance (D) Interval estimate

**49.** Mesokurtotic distribution is also known as :

(A) Gamma distribution (B) $\chi^2$ distribution

(C) Beta distribution (D) Normal distribution

**50.** If E is the event of getting a total of 12 in throwing a dice twice, the probability of getting a total of less than 12 is :

(A) 1/3 (B) 1/6 (C) 35/36 (D) 1/18

- o O o -

46. एक बैग में 7 लाल, 12 सफेद तथा 4 हरी गेंदें हैं। बैग में से एक गेंद निकाल ली गई। इसके सफेद होने की गुंजाइश कितनी है?

(A) 12/23 (B) 7/23 (C) 4/23 (D) 23/12

47. यदि X पर Y तथा Y पर X निम्नलिखित दो प्रतिपगमन रेखाएँ हो,

$3X+2Y = 26.0$

$6X+Y = 31.0$

तो इनका (r) इसके बराबर होगा :

(A) 0.4 (B) 0.5 (C) 0.6 (D) 0.7

48. किसी दी गई प्राक्कल्पना की जाँच में अधिकतम संभाव्यता जिससे I प्रकार की त्रुटि का जोखिम उठाना चाहते हैं, उसे यह कहते है :

(A) रद्द (नल) प्राक्कल्पन (B) बिन्दु आकलन

(C) सार्थकता का स्तर (D) मध्यांतर आकलन

49. 'मेसोकुरटोटिक डिस्ट्रीब्यूशन' को यह भी कहते हैं :

(A) गामा डिस्ट्रीब्यूशन (B) $\chi^2$ डिस्ट्रीब्यूशन

(C) बिटा डिस्ट्रीब्यूशन (D) नार्मल डिस्ट्रीब्यूशन

50. एक पासा को दो बार फेंकने पर 12 की कुल प्राप्ति हो (यदि E घटना है) तो 12 से कम की कुल प्राप्ति की क्या संभाव्यता है?

(A) 1/3 (B) 1/6 (C) 35/36 (D) 1/18

- o O o -

**Space For Rough Work**